माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in E-mail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2301 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2021–22 दिनांक: 12.01.2023

कार्यालय–ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत ABACUS UP पोर्टल पर प्रबंधक एवं प्राचार्य का पंजीकरण करते हुये महाविद्यालय की भूमि, भवन, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी एवं छात्रों का पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है। किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा बार–बार निर्देशित किये जाने के बाद भी महाविद्यालयों द्वारा ABACUS UP पोर्टल पर प्रबंधक एवं प्राचार्य का पंजीकरण करते हुये महाविद्यालय की भूमि, भवन, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी एवं छात्रों का पंजीकरण किये जाने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है। जिस कारण राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयक में कठिनाई हो रही है।

शैक्षणिक सत्र 2023–24 से जिन महाविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति, अतिरिक्त सेक्शन, अतिरिक्त विषय, स्थाई सम्बद्धता आदि हेतु आवेदन किया गया है, किन्तु उनके द्वारा ABACUS UP पोर्टल पर प्रबंधक एवं प्राचार्य का पंजीकरण करते हुये महाविद्यालय की भूमि, भवन, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी एवं छात्रों का पंजीकरण नहीं किया गया है। उन्हें किसी भी दशा में शैक्षणिक सत्र 2023–24 से पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति, अतिरिक्त सेक्शन, अतिरिक्त विषय, स्थाई सम्बद्धता आदि प्रदान किये जाने हेतु किसी भी दशा में विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्तानुसार ABACUS UP पोर्टल पर कार्यवाही करते हुये संगत अभिलेख विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे उनके द्वारा कृत कार्यवाही का ABACUS UP पोर्टल पर सत्यापन किया जा सके।
02. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
03. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
04. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
05. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ / सहारनपुर।
06. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
07. डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, कु0 मायावती राजकीय महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।
08. श्री कमल कृष्ण, सहायक कुलसचिव / नोडल अधिकारी(ABACUS UP), माँ शा0 वि0वि0, सहारनपुर ।
09. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव